## पुलिस ने किया जनरेटर चोरी का खुलासा



**बड़वानी।** चौकी चाचरिया, थाना सेंधवा ग्रामीण पुलिस ने जनरेटर चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी गया मशरूका बरामद किया है। 24 जनवरी 2026 को फरियादी जयदीपसिंह सोलंकी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि ग्राम चिथरई में नर्मदा उद्वहन सिंचाई परियोजना के कार्यस्थल से उनकी कंपनी का अशोक लिलेंड का जनरेटर अज्ञात चोरों द्वारा रात्रि में चोरी कर लिया गया। रिपोर्ट पर मामला पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। ग्रामीण क्षेत्र में नहर निर्माण स्थल से भारी मशीनरी चोरी होने की घटना को गंभीरता से लेते हुए प्रभारी पुलिस अधीक्षक धीरज बब्बर के निर्देशन में तथा एसडीओपी सेंधवा अजय वाघमारे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सेंधवा ग्रामीण ओपी चौगड़े के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। चौकी प्रभारी चाचरिया सउनि केशव यादव एवं टीम द्वारा तकनीकी एवं वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर संदेहियों की पहचान कर पारथीराम पिता करमसिंह नरगावे उम्र 21 वर्ष, अनिल पिता गंगाराम जमरे उम्र 20 वर्ष, मितेष पिता रमेश निगवाल उम्र 20 वर्ष सभी निवासी ग्राम रामकोला लोहारिया फलिया को हिरासत में लेकर पुछताछ की गई। प्रारंभिक पुछताछ में आरोपी पुलिस को गुमराह करते रहे, लेकिन वैज्ञानिक तरीके से की गई सघन पुछताछ में वे अपने बयानों में उलझ गए और अपराध स्वीकार कर लिया। आरोपियों ने बताया कि उन्होंने अन्य साथियों के साथ मिलकर अनिल के ट्रैक्टर से जनरेटर चोरी कर उसे ग्राम रामकोला के सूनसान नाले के पास ले जाकर पाना-पेंचिस की सहायता से उसके पुर्जे अलग-अलग कर लिए तथा आपस में बांट लिए। पुलिस ने कहा कि कार्रवाई में जनरेटर का इंजन, आर्मेचर, रिएक्टर, बॉडी एवं चेचिस, मीटर, एयर फिल्टर, केबल वायर, मीटर स्टार्टर, कीमत लगभग 7 लाख रूपए बरामद किया है। साथ ही अपराध में प्रयुक्त ट्रैक्टर कीमत लगभग 6 लाख भी जब्त किया गया। गिरफ्तार आरोपियों के अन्य साथियों की तलाश जारी है तथा जनरेटर के शेष पुर्जों की बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सेंधवा ग्रामीण ओपी चौगड़े, उनि संजीव पाटील, चौकी प्रभारी चाचरिया सउनि केशव यादव, सउनि राकेश मंडलोई, प्रआर योगेश पाटील (तकनीकी शाखा), प्रआर बबलु तलवारे, प्रआर नैनसिंह बर्मन, प्रआर रामकिशोर प्रजापति, आरक्षक पंकज पुरोहित, विकास मोरे, राहुल वास्केल एवं लोकेश मंडलोई की भूमिका रही।

## नि:शुल्क नेत्र शिविर 23 फरवरी को

**बड़वानी।** डीडीपीएम अनिल राठौड़ ने बताया कि सीएमएचओ डॉ सुरेखा जमरे और सिविल सर्जन डॉ मनोज खन्ना के मार्गदर्शन में जिला चिकित्सालय में लायंस क्लब बड़वानी के सहयोग से 23 फरवरी को नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर लगेगा। चयनित मरीजों का नि:शुल्क लैंस प्रत्यारोपण चोईथराम नेत्र चिकित्सालय इंदौर में किया जाएगा। मरीजों को बस से इंदौर भेजा जाएगा।

# महाशिवरात्रि पर शिवमय हुआ बड़वानी, मंदिरों में विशेष पूजन की

### बड़वानी. नर्मदा स्नान के बाद जलाभिषेक, शहर से लेकर ग्रामीण अंचल तक श्रद्धा और आस्था का सैलाब

**बड़वानी। महाशिवरात्रि पर्व को लेकर शहर के प्रमुख शिव मंदिरों, कॉलोनियों और घरों में भगवान शिव के अभिषेक और पूजन की तैयारियां जोरों पर हैं। पर्व को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। बड़ी संख्या में महिलाएं इस दिन निराहार रहकर उपवास करती हैं। तड़के सुबह से ही श्रद्धालु नर्मदा नदी के राजघाट पहुंचकर स्नान करते हैं और पवित्र जल लेकर शहर के शिव मंदिरों में जलाभिषेक करते हैं।**

शहर सहित ग्रामीण अंचल में हजारों परिवार महाशिवरात्रि पर भगवान शिव का विशेष पूजन, अभिषेक और श्रृंगार दर्शन का लाभ लेंगे। वहीं जिले के कई श्रद्धालु महाराष्ट्र के नंदुरबार जिले स्थित तोरणमाल में भी दर्शन के लिए रवाना होंगे।



प्राचीन मंदिरों में विशेष आयोजन- शहर के सिद्धेश्वर महादेव मंदिर के पुजारी अनुराग योगी ने बताया कि यह मंदिर 60 वर्ष से अधिक पुराना है और यहां भक्तों की गहरी आस्था है। शनिवार रात्रि को शिव अभिषेक होगा, जबकि महाशिवरात्रि के दिन सुबह से शाम तक जलाभिषेक और पूजन होगा। शाम 4 बजे विशेष श्रृंगार के बाद प्रसादी वितरित की जाएगी।

रियासतकालीन कुसुमबेश्वर महादेव मंदिर समिति के सदस्य संजय वाघे ने बताया कि महाशिवरात्रि पर दिनभर दर्शन-पूजन के साथ शाम को विशेष श्रृंगार होगा। आरती के बाद भक्तों को भांग, दूध और फलाहारी खिचड़ी का वितरण किया जाएगा।

बावनगजा रोड स्थित रामकुलेश्वर महादेव मंदिर के संबंध में समिति सदस्य अमर ने बताया कि यह त्रेता युगीन अति प्राचीन मंदिर है। मान्यता है कि वनवास के दौरान भगवान श्रीराम ने यहां विश्राम किया था और स्वयं महादेव की स्थापना की थी। महाशिवरात्रि पर तीन समय आरती, विशेष श्रृंगार और फलाहारी प्रसादी वितरण किया जाएगा।रानीपुरा स्थित प्राचीन सिद्धनाथ शिव मंदिर में भी दिनभर जलाभिषेक, विशेष श्रृंगार और संध्या आरती के बाद प्रसादी वितरण किया जाएगा।

## 5 ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त

**बड़वानी।** कलेक्टर जयति सिंह के मार्गदर्शन में ग्राम धनोरा में अवैध खनिज रेत उत्खनन, परिवहन की जांच खनिज विभाग ने की। 5 ट्रैक्टर ट्रॉली खनिज रेत का अवैध उत्खनन, परिवहन करते पाए जाने पर जब्त कर कलेक्टरेट कार्यालय की सुरक्षा में खड़े किए। अवैध खनिज उत्खनन/परिवहन करने वाले के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है।

## 17 को लगेगा शिविर

**बड़वानी।** कलेक्टर जयति सिंह के निर्देशन में जल संसाधन विभाग तालाबों, नहरों के निरीक्षण एवं कृषकों की समस्याओं के निराकरण के लिए 17 फरवरी को जल सुनवाई पानसेमल के ग्राम पाडला, चिचल्या, दोदवाड़ा, चिकल्दा में राजपुर के सालखेड़ा, गोणपुरा, लिम्बई, रणदा एवं उंची में तथा ठीकरी के ग्राम भगवानपुरा, हसनखेड़ी में शिविर का आयोजन किया जाएगा।

## धूमधाम से मनेगी शिवरात्रि

**निवाली, (सचिन शितोले)।**

नगर में आज शिवरात्रि धूमधाम से मनाई जाएगी। शिवटेकडी, पीपलेश्वर महादेव मंदिर एवं मनोकामनेश्वर महादेव मंदिर सुबह से ही भक्तों का ताता लगेगा। वहीं पंचमुखी हनुमान मंदिर स्थित शिव मंदिर में साज-सज्जा की गई है। वझर में शिवरात्रि पर मेले का आयोजन हो रहा है। वझर में शिव लिंग एक अभिषेक में 1008 शिवलिंगों का पुण्य संग्रहालय में सुरक्षित शिव लिंग कला और आस्था का अद्भुत संगम है। इस शिव लिंग की यह विशेषता है कि यह चार फीट ऊंचे और चार फीट गोलाई वाले इस विशाल काले पत्थर के शिवलिंग पर 1008 छोटे शिवलिंग उकेरे गए हैं। कहा जाता है कि शिव लिंग का एक बार पूजन करने से 1008 बार शिव पूजन या 12 ज्योतिर्लिंगों के दर्शन के समान फल प्राप्त होता है। नगर से 7 किमी दूर फुलजवारी में ब्रह्माजी की प्रतिमा आकर्षण का केंद्र है। यहां ब्रह्माजी की एक अत्यंत प्राचीन और स्पष्ट त्रिमुखी प्रतिमा मौजूद है। प्राचीन शिव लिंग बारह मास पानी में रहता है, जिसके दर्शन



## हॉकी खिलाड़ियों को दिए ट्रैकसूट



**बड़वानी।** जिला हॉकी संघ द्वारा शनिवार को सांसद गजेंद्रसिंहजी पटेल, राज्यसभा सांसद डॉ सुमेरसिंह सोलंकी ने हॉकी खिलाड़ियों को 150 ट्रैकसूट का वितरण किया गया। हॉकी कोच मुकेश राठौर ने बताया कि कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष अजय यादव, नपा अध्यक्ष अश्विनी निक्कू चौहान, जिला हॉकी संघ अध्यक्ष अमृतलाल अग्रवाल उपाध्यक्ष अजय कानूनगो सहित हॉकी खिलाड़ी उपस्थित थे।

## मेडिकल कांफ्रेंस का किया

**नवभारत न्यूज़**
**बड़वानी, 15 फरवरी.**

कम खाना ज्यादा चलना और धूम्रपान को छोड़कर हृदय रोग की बीमारियों से बचा जा सकता है। उक्त बातें भारत एनराइज गार्डन में हुए मेडिकल कांफ्रेंस में इंदौर के कार्डियो सर्जन डॉ मोहम्मद अली ने बताई। उन्होंने कहा कि वर्तमान दौर में हृदय रोग की बीमारी बहुत ज्यादा हो रही है, तनावपूर्ण जीवन एवं अनियमित जीवन शैली से हृदय रोग होने की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। साथ ही उन्होंने हृदय रोग की पहचान और उसके उपचार से जुड़ी बातों पर प्रकाश डाला। और इमरजेंसी के वक्त पानी में घोल कर पीने से राहत हो सकती है एक डिस्प्रिन टेबलेट से। इसके बाद नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर डॉ की सलाह से ईलाज लेने और लापरवाही नहीं करने को कहा।



कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेम सिंह पटेल, विधायक राजन मंडलोई, जिला सदर इदरीश खान, शहर सदर कय्युम कुरैशी, रिटायर्ड सीएमएचओ डॉ अब्दुल रशीद पटेल, अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार जिलाध्यक्ष अब्दुल सादिक चंदेरी, अनीस शेख, आवेश शेख, आरिफ शेख, अमीन शेख, अब्दुल अहद, अरशद शेख, शाहिद शेख, शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष अनिल जोशी, शादाब शेख, आवाम, डॉक्टर्स मीडिया से आए अशोक पंडित, आशिफ मेमन, रघुनाथ सेन, संजय बामनिया, इलेक्ट्रॉनिक व प्रिंट मीडिया व अन्य मौजूद थे।

### इन्होंने माना आभार

अंत में डॉ आजम शेख ने सभी का आभार माना। कार्यक्रम का संचालन कयामुद्दीन कयाम ने किया।

# यौन शोषण केस में घिरे महामंडलेश्वर की अचानक बिगड़ी तबीयत

- कथा अधूरी छोड़ी, शिष्य ने संभाली कमान
- कमरे से नहीं निकले बाहर, आश्रम में मचा हड़कंप

**नव भारत न्यूज**

**जबलपुर. यौन शोषण के गंभीर आरोपों में फंसे महामंडलेश्वर और कथावाचक उत्तम स्वामी का शुक्रवार को अचानक स्वास्थ्य बिगड़ गया. हालत इतनी खराब रही कि वह अपने कक्ष से बाहर तक नहीं निकल सके. इसके चलते तय समय पर भागवत कथा शुरू नहीं हो सकी और बाद में उनके शिष्य को कमान संभालते हुए कथा करनी पड़ी.**

भेड़ाघाट थाना क्षेत्र के हीरापुर स्थित आश्रम में उत्तम स्वामी की नौ फरवरी से 15 फरवरी तक भागवत कथा चल रही है. करीब 10 एकड़ में फैले इसी आश्रम परिसर में शुक्रवार दोपहर उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई. दोपहर दो बजे कथा शुरू होनी थी, लेकिन स्वामी बाहर नहीं आए काफी देर इंतजार के बाद साढ़े तीन बजे कथा की शुरुआत हुई, जिसे



उनके शिष्य ने श्रद्धालुओं के बीच संपन्न कराया.

आश्रम से जुड़े लोगों के मुताबिक अस्वस्थता के चलते उत्तम स्वामी पूरे समय अपने कमरे में ही रहे. यह पूरी घटना अखबारों में प्रकाशित हुई खबर के बाद होना बताया जा रहा है. वहीं पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शिकायत के आधार पर सभी तथ्यों की पड़ताल की जा रही है और पीड़िता की सुरक्षा को लेकर भी संबंधित स्तर पर कार्रवाई की जा रही है.

### चर्चाएं और हुईं तेज

उल्लेखनीय है कि राजस्थान निवासी एक युवती ने महामंडलेश्वर उत्तम स्वामी पर यौन शोषण के गंभीर आरोप लगाए हैं. युवती ने 12 फरवरी को दिल्ली पुलिस को ई-मेल भेजकर अपनी सुरक्षा की मांग की थी. पीड़िता का आरोप है कि जैसे ही एफआईआर कराने की जानकारी सामने आई, उसे लगातार धमकियां मिलने लगीं, जिससे वह दहशत में है. एक ओर यौन शोषण के आरोपों की जांच चल रही है, वहीं दूसरी ओर कथा के बीच महामंडलेश्वर की तबीयत बिगड़ने से पूरे मामले को लेकर चर्चाएं और तेज हो गई हैं.

# एमबीए छात्रा की नृशंस हत्या, क्लासमेट के कमरे में मिला निर्वस्त्र शव

- तीन दिन से थी लापता, आपत्तिजनक वीडियो वायरल कर ब्लैकमेल का आरोप

**नवभारत न्यूज़**

**इंदौर.** एक होनहार एमबीए छात्रा की बेरहमी से हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है. 25 वर्षीय युवती का शव उसके ही क्लासमेट के किराए के कमरे में निर्वस्त्र अवस्था में बरामद हुआ. कमरे के बाहर ताला लगा था और भीतर से बदबू आने पर पुलिस ने जब दरवाजा खुलवाया तो भीतर का मंजर देखकर हर कोई सन्न रह गया. युवती तीन दिनों से लापता थी, जबकि आरोपी युवक घटना के बाद से फरार है.

एसीपी शिवेन्द्र जोशी ने बताया कि वारदात द्वारकापुरी थाना क्षेत्र की अंकल गली की है. जिस कमरे से शव मिला, वह मंदसौर निवासी पीयूष धामनोदिया ने किराए पर ले रखा था. मृतका और आरोपी दोनों सांवेर रोड स्थित एक निजी संस्थान से एमबीए सेकेंड सेमेस्टर की पढ़ाई कर रहे थे. सूचना मिलते ही एफएसएल टीम मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाए गए. पुलिस ने आरोपी की तलाश में अलग-अलग टीमें रवाना कर दी हैं, वहीं आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं. सूत्रों के मुताबिक 10 फरवरी को युवती अपने पिता के साथ आधार कार्ड में सुधार कराने की बात कहकर घर से निकली थी. पिता ने उसे कलेक्टोरेट के पास छोड़ा था. वहां से उसने छोटी बहन को फोन कर बताया कि वह अपने क्लासमेट पीयूष के साथ बर्थडे पार्टी में जा रही है और रात 11 बजे तक लौट आएगी. इसके बाद उसका मोबाइल बंद हो गया. अगले दिन कॉलेज प्रबंधन ने युवती के पिता को बुलाकर बताया कि कॉलेज के व्हाट्सएप ग्रुप में छात्रा के मोबाइल से एक आपत्तिजनक वीडियो पोस्ट किया गया है और दोनों छात्रों के फोन बंद आ रहे हैं. इसके बाद परिजन थानों के चक्कर काटते रहे और देर रात गुमशुदगी की एफआईआर दर्ज कराई गई. परिजनों का आरोप है कि 12 फरवरी को पूरे दिन तलाश के बावजूद पुलिस ने गंभीरता नहीं दिखाई और टालमटोल करती रही. परिवार की आशंका पर एक पुलिसकर्मी आरोपी के कमरे तक पहुंचा भी, लेकिन बाहर से ताला लगा देखकर मकान मालिक को सूचना देने की बात कहकर लौट आया. शुक्रवार को जब उसी कमरे से तेज बदबू आने की शिकायत मिली तो द्वारकापुरी पुलिस मौके पर पहुंची. ताला तोड़कर भीतर घुसी पुलिस को युवती का शव पड़ा मिला. पिता ने बेटी की पहचान उसके मोजों से की. मृतका के पिता का कहना है कि उनकी बेटी को पहले मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया, उसे ब्लैकमेल किया गया और फिर बेरहमी से हत्या कर दी गई. आरोपी ने जानबूझकर वीडियो वायरल कर उसकी सामाजिक छवि खराब करने की साजिश रची.



### आपत्तिजनक वीडियो से खुली साजिश की परतें

घटना से जुड़ा सबसे चौंकाने वाला पहलू 10 फरवरी की रात सामने आया, जब कॉलेज के आधिकारिक व्हाट्सएप ग्रुप पर छात्रा के मोबाइल फोन से एक आपत्तिजनक वीडियो पोस्ट किया गया. वीडियो में युवक का चेहरा इमोजी से ढंका हुआ था, जबकि युवती का चेहरा साफ नजर आ रहा था .परिजनों का आरोप है कि आरोपी ने छात्रा के मोबाइल का इस्तेमाल कर उसके स्टेटस पर भी वीडियो लगाए और फोन में सेव नंबरों पर भेजकर उसे बदनाम करने की साजिश रची थी. यही ब्लैकमेलिंग अंतत: उसकी हत्या की वजह बनी.

### संभावित ठिकानों पर दी जा रही दबिश

मामले में एडिशनल डीसीपी दिशेष अग्रवाल ने बताया कि आरोपी के पिता घनश्याम मंदसौर में किराना दुकान चलाते हैं. पीयूष पढ़ाई के सिलसिले में इंदौर में रह रहा था और वारदात के बाद से फरार है. उसकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है. फिलहाल पुलिस ने हत्या, ब्लैकमेलिंग और आईटी एक्ट की धाराओं में केस दर्ज कर मोबाइल डेटा, कॉल डिटेल और सोशल मीडिया गतिविधियों की गहन जांच शुरू कर दी है. पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत के कारणों को लेकर तस्वीर और साफ होने की उम्मीद है.

# बिश्नोई गैंग के नाम पर व्यापारी से 5 करोड़ की मांगी फिरौती

- तीन अलग-अलग नंबरों से आए थे व्हाट्सएप कॉल
- दी जान से मारने की धमकी

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** किशनगंज थाना क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित व्यापारी को कुख्यात गैंग के नाम पर 5 करोड़ रुपये की फिरौती के लिए धमकाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है. बदमाशों ने खुद को लॉरेंस बिश्नोई गैंग का सदस्य बताकर दहशत फैलाने की कोशिश की. तीन अलग-अलग मोबाइल नंबरों से व्हाट्सएप कॉल कर रकम न देने पर गंभीर अंजाम भुगतने की धमकी दी गई.

जानकारी के मुताबिक किशनगंज क्षेत्र में रहने वाले व्यापारी को अज्ञात बदमाशों ने इंटरनेट कॉलिंग के जरिए संपर्क किया. कॉल करने वालों ने खुद को बिश्नोई गैंग से जुड़ा बताते हुए सीधे 5 करोड़ रुपये की मांग रखी और कहा कि रकम नहीं देने पर जान-माल को नुकसान पहुंचाया जाएगा. घबराए व्यापारी ने तुरंत परिजनों को सूचना दी और बाद में थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई. मामले की गंभीरता को देखते हुए देहात पुलिस ने साइबर सेल को जांच में लगाया है. जिन तीन मोबाइल नंबरों से कॉल किए गए, उनकी कॉल डिटेल रिकॉर्ड खंगाली जा रही है. पुलिस यह भी पता लगाने में जुटी है कि कॉल भारत से की गई हैं या वर्चुअल नंबरों के जरिए विदेश से डराने की कोशिश की जा रही है. जांच में यह आशंका भी जताई जा रही है कि कहीं यह किसी स्थानीय बदमाश गिरोह की साजिश तो नहीं, जो बड़े नाम का इस्तेमाल कर व्यापारी को डराने का प्रयास कर रहा हो.

### परिवार की निगरानी बढ़ाई

सुरक्षा को देखते हुए पीड़ित व्यापारी और उसके परिवार की निगरानी बढ़ा दी गई है. एसपी देहात यांगचेन भूटिया का कहना है कि साइबर सेल की टीमें लगातार नंबरों को ट्रेस कर रही हैं और जल्द ही पूरे नेटवर्क का खुलासा किया जाएगा. फिलहाल किसी ठोस आरोपी की पहचान नहीं हो सकी है, लेकिन हर एंगल से जांच तेज कर दी गई है.

# चंदन नगर में फल विक्रेता ने फांसी लगाकर दी जान

- पारिवारिक विवाद की आशंका, रात की घटना

**इंदौर. चंदन नगर क्षेत्र में गुरुवार देर रात एक युवक द्वारा आत्महत्या किए जाने से इलाके में सनसनी फैल गई. परिजनों को करीब रात तीन बजे घटना की जानकारी लगी, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई. मौके पर पहुंची टीम ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया.**

पुलिस के अनुसार मृतक का नाम दिनेश (30) पिता मोतीलाल, निवासी तापती परिसर बताया गया है. वह अकेला रहता था और रोजाना नारियल पानी व फल बेचकर गुजर-बसर करता था. प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दिनेश और उसकी पत्नी के बीच लंबे समय से मनमुटाव चल रहा था. पत्नी बीते करीब दो साल से मायके में रह रही थी. गुरुवार को भी दोनों के बीच फोन पर बातचीत हुई थी. बताया जा रहा है कि दिनेश के अन्य परिजन आसपास ही रहते हैं, जबकि उसके दो छोटे बच्चे (एक बेटा और एक बेटी) मूसाखेड़ी में नाना-नानी के साथ रह रहे हैं. परिवार का कहना है कि दिनेश की पत्नी के किसी अन्य व्यक्ति से संबंध थे, इसी कारण वह घर छोड़कर चली गई थी. परिजनों ने आरोप लगाया कि वह दिनेश को झूठे मामलों में फंसाने की धमकी देती रहती थी.

